>

Title: Need to give special financial package for the socio-economic and overall development of SCs and STs in Chhattisgarh and other parts of the country-Laid.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : अनुसूचित जाति एवं अनुसूचत जनजाति वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक, व्यावसायिक, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पीने के पानी , आवासीय व्यवस्था, व्यावसायिक परीक्षा, नशामुक्ति योजना, कन्या-विवाह योजनाएं, बाल विवाह रोकने, अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण योजना, आम्बेडकर आवास, बाल्मीकी आवास, पीड़ित वर्गों की बीमारी से निजात पाने, धार्मिक स्थलों को पर्यटक स्थल बनाने, सांस्कृतिक विकास संबंधी योजना, पढ़ने हेतु विद्यार्थियों के लिए छात्रावास भवन, फ्री मैट्रिक छात्रावास व्यवस्था, बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने हेतु विशेष अभियान चलाया जाये उनके विकस के लिए दी जाने वाली राशि बहुत कम है। 21 वीं सदी में पहुंचन के बाद भी उनकी हालत जैसी की तैसी बनी हुई है। विकास के नाम से मिलने वाली शशि अधिकतर सरकारी व्यवस्था में खर्च की जाती है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त वर्गों के बाहुल्य क्षेत्र राज्य छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों झारखण्ड, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश सहित प्रत्येक राज्य को तीन हजार करोड़ रूपया अतिरिक्त विशेष पैकेज दिया जाये तथा अभियान चलाकर उनका समुचित विकास किया जाये।